गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

डिया) लिमिटेड
का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
dia) Limited
India Undertaking - A Maharatna Company)

सं. : न दि/गेल/सेक्ट./2017

दिनांक: 22.05.2017

लिस्टिंग विभाग
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,
प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
मुंबई-400 051

लिस्टिंग विभाग
बीएसई लिमिटेड
मंजिल 1, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स,
दलाल स्ट्रीट,
मुंबई-400001

**विषय: <u>31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्त वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम एवं वित्त वर्ष 2016-17 के अंतिम लाभांश की अनुशंसा</u>**

प्रिय महोदय,

यह हमारे समसंख्यक पत्र दिनांक 08.05.2017 के अनुक्रम में है।

कंपनी के निदेशक मंडल ने आज दिनांक 22 मई, 2017 को हुई बैठक में 31 मार्च, 2017 को समाप्त तिमाही/वित्त वर्ष हेतु कंपनी के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का अनुमोदन प्रदान किया है और वर्ष 2016-17 हेतु कंपनी के प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी पर 27% (रु.2.7 प्रति शेयर) की दर से अंतिम लाभांश के भुगतान की अनुशंसा की है, जो कि आगामी वार्षिक आम सभा में शेयरधारकों की स्वीकृति के अध्यधीन है।

इस संबंध में, कृपया कंपनी के संयुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक मैसर्स जी.एस. माथुर एंड कंपनी तथा मैसर्स ओ.पी. बागला, की उक्त वित्तीय विवरण हेतु लेखापरीक्षक रिपोर्ट सहित कंपनी के उपर्युक्त लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम की प्रतिलिपि प्राप्त करें।

सेबी (एलओडीआर) विनियमन 2015 के विनियमन 54(4) एवं 54(2) के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रकटीकरण भी संलग्न है।

निदेशक मंडल की बैठक दोपहर 12:00 बजे प्रारंभ हुई तथा अप्राह्न 03:55 पर समाप्त हुई।

यह सेबी (सूचीकरण बाध्यता तथा प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के अनुपालन में है।

सधन्यवाद,

भवदीय,
हस्ता0
(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

**संलग्नक:** उपरोक्तानुसार

# गेल (इंडिया) लिमिटेड

31 मार्च, 2017 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए वित्तीय परिणामों का विवरण

(रु. करोड़ में)

| | विवरण | एकल | | | | | समेकित | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही के लिए | | | समाप्त तिमाही के लिए | | समाप्त वर्ष के लिए | |
| | | 31.03.2017 | 31.12.2016 | 31.03.2016 | 31.03.2017 | 31.03.2016 | 31.03.2017 | 31.03.2016 |
| | | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | प्रचालनों से आय | | | | | | | |
| | क) बिक्री/प्रचालनों से आय (उत्पाद शुल्क सहित) | 13,643.75 | 12,294.01 | 11,738.2 | 48,788.75 | 52,003.40 | 49,236.70 | 52,355.08 |
| | ख) अन्य प्रचालनों से आय | 30.34 | 24.55 | 64.18 | 94.24 | 192.57 | 97.11 | 197.23 |
| | प्रचालनों से कुल आय | **13,674.09** | **12,318.56** | **11,802.40** | **48,882.99** | **52,195.97** | **49,333.81** | **52,552.31** |
| 2 | व्यय | | | | | | | |
| | क) कच्चे माल की खपत | 918.05 | 778.52 | 844.64 | 3,151.24 | 3,388.52 | 3,226.34 | 3,383.66 |
| | ख) व्यापारगत माल का क्रय | 9,067.78 | 8,242.42 | 8,255.90 | 33,199.67 | 38,406.76 | 33,215.68 | 38,374.24 |
| | ग) तैयार माल की माल सूची में (वृद्धि)/कमी, प्रगत्यधीन कार्य एवं व्यापारगत भंडार | 355.80 | 76.20 | 72.06 | 42.29 | 412.09 | 42.29 | 412.08 |
| | घ) कार्मिक लाभ व्यय | 472.17 | 266.51 | 214.51 | 1,257.53 | 958.44 | 1,286.65 | 987.70 |
| | ड.) मूल्यह्रास एवं अमूर्तिकरण व्यय | 347.12 | 357.91 | 343.16 | 1,396.78 | 1,309.79 | 1,543.01 | 1,495.60 |
| | च) उत्पाद शुल्क | 222.09 | 186.12 | 142.44 | 734.14 | 474.71 | 761.80 | 499.80 |
| | छ) अन्य व्यय | 1,082.86 | 1,042.73 | 1,008.07 | 4,088.70 | 4,275.40 | 4,206.86 | 4,380.39 |
| | कुल व्यय | **12,465.87** | **10,950.41** | **10,880.78** | **43,870.35** | **49,225.71** | **44,282.63** | **49,533.47** |
| 3 | अन्य आय, वित्त लागत एवं असाधारण मदों से पूर्व प्रचालनों से लाभ/(हानि) (1-2) | **1,208.22** | **1,368.15** | **921.62** | **5,012.64** | **2,970.26** | **5,051.18** | **3,018.84** |
| 4 | अन्य आय | 467.71 | 275.60 | 219.52 | 1,176.27 | 891.57 | 1,006.46 | 751.87 |
| 5 | वित्तीय लागत एवं असाधारण मदों से पूर्व सामान्य गतिविधियों से लाभ /(हानि) (3 ± 4) | **1,675.93** | **1,643.75** | **1,141.14** | **6,188.91** | **3,861.83** | **6,057.64** | **3,770.71** |
| 6 | वित्तीय लागत | 21.96 | 160.13 | 152.94 | 479.36 | 799.86 | 510.99 | 821.83 |
| 7 | वित्तीय लागत के पश्चात लेकिन असाधारण मदों से पूर्व सामान्य गतिविधियों से लाभ/(हानि) (5±6) | **1,653.97** | **1,483.62** | **988.20** | **5,709.55** | **3,061.97** | **5,546.65** | **2,948.88** |
| 8 | क) असाधारण मदें-निवेश की हानि के लिए प्रावधान | 788.04 | - | - | 788.04 | - | | - |
| | ख) असाधारण मदें-दीर्घकालिक निवेश की बिक्री पर लाभ | - | | | (489.31) | | (210.65) | - |
| 9 | कर पूर्व सामान्य गतिविधियों से लाभ/(हानि) (7±8) | **865.93** | **1,483.62** | **988.20** | **5,410.82** | **3,061.97** | **5,757.30** | **2,948.88** |
| 10 | कर व्यय : | | | | | | | |
| | वर्तमान कर | | | | | | | |
| | - चालू वर्ष (मेट क्रेडिट पात्रता का निवल)* | 379.40 | 340.82 | 37.77 | 1,319.52 | 187.43 | 1,337.62 | 206.68 |
| | - गत वर्ष | 0.00 | 15.01 | (51.96) | 15.01 | (51.96) | 456.73 | 936.62 |
| | - आस्थगित कर | 226.37 | 144.87 | 170.26 | 573.38 | 700.07 | 15.01 | (51.96) |
| 11 | सामान्य गतिविधियों से कर पश्चात निवल लाभ/ (हानि) (9±10) | **260.16** | **982.92** | **832.13** | **3,502.91** | **2,226.43** | **3,947.94** | **1,857.54** |
| 12 | असाधारण मदें (कर व्यय का निवल) | | - | - | - | - | | |
| 13 | अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (11±12) | **260.16** | **982.92** | **832.13** | **3,502.91** | **2,226.43** | **3,947.94** | **1,857.54** |
| 14 | सहयोगियों एवं संयुक्त उद्यमों के लाभ/(हानि) का हिस्सा | | | | | | (574.02) | 16.85 |
| 14 | अन्य विस्तृत आय / (व्यय) (कर का निवल) | (200.29) | 630.56 | (610.44) | 1,306.05 | (1,928.00) | 1,299.85 | (1,926.55) |
| 15 | अवधि के लिए कुल विस्तृत आय (कर पश्चात) (13 ± 14) | **59.87** | **1,613.48** | **221.69** | **4,808.96** | **298.43** | **4,673.77** | **(52.16)** |
| 16 | निवल लाभ /(हानि) के कारण | | | | | | | |
| | क) कंपनी के स्वामी | **260.16** | **982.92** | **832.13** | **3,502.91** | **2,226.43** | **3,368.16** | **1,869.21** |
| | ख) अनियंत्रित ब्याज | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **5.76** | **5.17** |
| 17 | अन्य व्यापक आय के कारण | | | | | | | |
| | क) कंपनी के स्वामी | **(200.29)** | **630.56** | **(610.44)** | **1,306.05** | **(1,928.00)** | **1,299.85** | **(1,926.55)** |
| | ख) अनियंत्रित ब्याज | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** |
| 18 | कुल व्यापक आय के कारण | | | | | | | |
| | क) कंपनी के स्वामी | **59.87** | **1,613.48** | **221.69** | **4,808.96** | **298.43** | **4,668.01** | **(57.33)** |
| | ख) अनियंत्रित ब्याज | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **5.76** | **5.17** |
| 19 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | **1,691.30** | **1,268.48** | **1,268.48** | **1,691.30** | **1,268.48** | **1,691.30** | **1,268.48** |
| | (अंकित मूल्य 10/- रुपए प्रति शेयर) | | | | | | | |
| 20 | पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व के अलावा रिज़र्व | **-** | **-** | **-** | **30,994.75** | **29,669.62** | **32,150.27** | **30,978.49** |
| 21 | प्रति शेयर आय (असाधारण मद पूर्व) (प्रत्येक रु.10)- वार्षिक नहीं** | | | | | | | |
| | (क) मूल | **1.54** | **5.81** | **4.92** | **20.71** | **13.16** | **19.91** | **11.05** |
| | (ख) तनुकृत | **1.54** | **5.81** | **4.92** | **20.71** | **13.16** | **19.91** | **11.05** |
| 22 | प्रति शेयर आय (असाधारण मद पश्चात) (प्रत्येक के 10)- वार्षिक नहीं** | | | | | | | |
| | (क) मूल | **1.54** | **5.81** | **4.92** | **20.71** | **13.16** | **19.91** | **11.05** |
| | (ख) तनुकृत | **1.54** | **5.81** | **4.92** | **20.71** | **13.16** | **19.91** | **11.05** |

* चालू वित्त वर्ष हेतु मेट क्रेडिट पात्रता रु.शून्य (समान गत वर्ष में रु.595.78 करोड़) । वर्ष के दौरान मेट क्रेडिट पात्रता का लाभ/समायोजन रु.19.82 करोड़ (समान गत वर्ष में रु.शून्य)

**तीन इक्विटी शेयरों पर एक बोनस शेयर जारी किए जाने के अनुपात में कारण भारतीय लेखांकन मानक (इंड एएस) 33 के अनुसार हर तुलनात्मक अवधि के लिए प्रति शेय आय को पुन:उल्लेखित किया गया है।

**नोट**

1. उपर्युक्त लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति ने समीक्षा की है और निदेशक मंडल ने दिनांक 22 मई 2017 को सम्पन्न हुई अपनी बैठक में अनुमोदन प्रदान किया है।

2. पेट्रोलियम और प्रकृतिक गैस विनियमक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने प्रकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ के संबंध में विभिन्न अनंतिम परिवहन टैरिफ आदेश जारी किए हैं। कंपनी ने इनमें से कुछ आदेशों को सक्षम प्राधिकारी अर्थात विद्युत अपीलीय अधिकरण (एपीटीईएल) के समक्ष चुनौती भी दी जिन्हें एपीटीईएल ने पीएनजीआरबी को दुबारा समीक्षा हेतु वापस भेजा है। पीएनजीआरबी ने इनमें से कुछ प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क के संबंध में अंतिम टैरिफ आदेश जारी किए हैं। तथापि, कंपनी ने एपीटीईएल के समक्ष इन अंतिम टैरिफ आदेशों को भी चुनौती दी है। इसके अलावा, संशोधन, यदि कोई हो, के कारण समायोजन का निर्धारण मामलों पर निर्णय के अनुसार लिया जा रहा है।

3. रत्नागिरी गैस एवं पॉवर प्राइवेट लिमिटेड (आरजीपीपीएल) (कंपनी का एक संयुक्त उद्यम) के इक्विटी शेयरों पर कंपनी ने रु.974.31 करोड़ का निवेश किया है। आरजीपीपीएल ने अपने व्यवसाय को दो पृथक कंपनियों में विघटित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। "संपत्ति की हानि" पर भारतीय लेखाकरण मानक (Ind AS) 36 के अनुपालन में, व्यवसाय के पुनर्गठन की दृष्टि से, गेल एवं एनटीपीसी (सह-प्रोमोटर) द्वारा 31 मार्च, 2017 के अनुसार आरजीपीपीएल में निवेश की हानि हेतु मूल्यांकन किया गया है। तदनुसार, क्षति हानि को पूरा करने के लिए उक्त निवेश के विरुद्ध बहि खातों में 31 मार्च, 2017 के अनुसार रु.783 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

4. एक ग्राहक से ले जाएं या भुगतान करें प्रभार रु.255.36 करोड़ (गत वर्ष रु.255.36 करोड़) के बकाया भुगतान के संबंध में दिनांक 7 अक्टूबर, 2005 के गैस संचारण अनुबंध और कंपनी द्वारा प्राप्त की गई कानूनी सलाह के अनुसरण में, वर्ष के दौरान कोई प्रावधान नहीं रखा गया है। समायोजन, यदि कोई हो, मामले के अंतिम निर्णय पर किया जाएगा।

5. असाधारण मदों में दिनांक 30 जून 2016 को समाप्त तिमाही में महानगर गैस लिमिटेड (संयुक्त उद्यम कंपनी) के 1,23,47,250 इक्विटी शेयरों को इस अवधि में संयुक्त उद्यम कंपनी के प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव के माध्यम से आंशिक ऑफलोड करने से प्राप्त रु.489.31 करोड़ (कुल खर्च का निवल) शामिल है।

6. आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए), भारत सरकार ने दिनांक 21 सितंबर, 2016 की अपनी बैठक में जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारो-धामरा पाइपलाइन परियोजना (जेएचबीडीपीएल) के निष्पादन हेतु रु.12940 करोड़ की अनुमानित पूंजी लागत का 40% पूंजी अनुदान अर्थात् रु.5176 करोड़ दिए जाने को मंजूरी दी है। वर्ष के दौरान, कंपनी को रु.450 करोड़ का आंशिक पूंजी अनुदान प्राप्त हुआ है जिसे भारतीय लेखाकरण मानक (Ind AS) 20 "सरकारी अनुदानों के लिए लेखांकन और सरकारी सहायता का प्रकटीकरण" के अनुसार उल्लिखित किया गया है।

7. कंपनी ने कंपनी अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्धारित कंपनी (भारतीय लेखाकरण मानक) नियम, 2015 ("इंड एएस) के अनुसार यह समेकित एवं एकल वित्तीय विवरण तैयार किए हैं। कंपनी ने 1 अप्रैल 2016 से भारतीय लेखांकन मानक ("इंड-एएस") को संक्रांति की तारीख 1 अप्रैल 2015 सहित अंगीकार किया। 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी की तुलनात्मक वित्तीय जानकारी, जो पहले आईजीएएपी के अनुसार तैयार की गई थीं, को इंड एएस के अनुपालन सहित पुन: उल्लिखित किया गया है।

8. दिनांक 27 मई, 2016 के सेबी के परिपत्र सं.सीआईआर/सीएफडी/सीएमडी/56/2016 के अनुसार, कंपनी एतद्वारा घोषणा करती है कि लेखापरीक्षकों ने 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष हेतु अनधिकृत राय के साथ समेकित एवं एकल वित्तीय विवरण के लिए लेखापरीक्षा रिपोर्ट जारी की है।

10. यथा पूर्ववत रिपोर्ट किए कुल ईक्विटी का समाधान ("पूर्ववर्ती जीएएपी" के रूप में संदर्भित) तथा इंड-एएस के अनुसार निम्नलिखित टेबल के अनुसार है:-

( करोड़ रुपए में )

| | विवरण | एकल | समेकित |
|---|---|---|---|
| | | समाप्त वर्ष | समाप्त वर्ष |
| | | 31 मार्च, 2016 | 31 मार्च, 2016 |
| क | पूर्ववती जीएएपी के अनुसार कुल ईक्विटी (शेयरहोल्डर फंड) | **30,584.87** | **35396.24** |
| ख | समायोजन | | |
| | उचित मूल्य मान पर वित्तीय परिसंपत्तियों/देयताओं से शुद्ध लाभ/(हानि) | 4,259.24 | 4,259.24 |
| | प्रस्तावित लाभांश के विपर्यय के कारण प्रभाव (उस पर कर सहित) | 458.01 | 467.24 |
| | संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरणों के समायोजन से शुद्ध लाभ/(हानि) | (110.81) | (110.71) |
| | वित्तीय देयताओं का पुन:उल्लेखन से शुद्ध लाभ/(हानि) | | |
| | अन्य | (44.66) | (44.66) |
| | इंड-एएस समायोजन पर स्थगित कर प्रभाव | (50.70) | (45.23) |
| | समूह कंपनियों में इंड एएस के कार्यान्वयन के कारण समेकित आंकड़ों में समायोजन | | (3519.15) |
| ग | इंड एएस के अनुसार (क + ख) कुल इक्विटी | **35095.95** | **36,403.41** |

10. यथा पूर्ववत रिपोर्ट किए गए निवल लाभ का समाधान ("पूर्ववर्ती जीएएपी" के रूप में संदर्भित) तथा इंड-एएस के अनुसार कुल व्यापक आय निम्नलिखित टेबल के अनुसार है:-

( करोड़ रुपए में )

| विवरण | एकल | | समेकित |
|---|---|---|---|
| | समाप्त तिमाही | समाप्त तिमाही | समाप्त वर्ष |
| | 31.03.2016 | 31.03.2016 | 31.03.2016 |
| **पूर्ववर्ती जीएएपी (भारतीय जीएएपी) के अनुसार कर पश्चात निवल लाभ** | **769.99** | **2298.90** | **2251.62** |
| संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों में समायोजन का प्रभाव | 125.08 | (170.94) | (170.18) |
| डेरिवेटिव संविदाओं के उचित मूल्यांकन का प्रभाव | (90.98) | 92.59 | 92.59 |
| लाभ और हानि खाता विवरण के माध्यम से वित्तीय परिसंपत्तियों / वित्तीय देयताओं का उचित मूल्य मान का प्रभाव | 25.13 | 7.78 | 7.78 |
| वित्तीय परिसंपत्तियों / वित्तीय देयताओं का अमूर्त लागत मापन | (4.39) | (18.26) | (18.26) |
| अन्य व्यापक आय में निर्धारित लाभ योजनाओं का पुनर्मापन | (6.56) | (34.57) | (34.57) |
| अन्य | 0.33 | 12.55 | 14.17 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| कर प्रभाव | 13.83 | 38.38 | 37.83 |
| समूह कंपनियों में इंड एएस के कार्यान्वयन के कारण समेकित आंकड़ों में समायोजन | | | (305.59) |
| **इंड-एएस के अनुसार निवल लाभ** | **832.13** | **2226.43** | **1874.39** |
| अन्य व्यापक आय: (कर का निवल) | (610.44) | (1928.00) | (1926.55) |
| **कुल व्यापक आय (कर पश्चात)** | **221.69** | **298.43** | **(52.16)** |

11. निदेशक मंडल ने 22 मई, 2017 को हुई बैठक में हर रु.10 के शेयर पर रु.2.7 प्रति इक्विटी शेयर कुल राशि रु.457 करोड़ के हिसाब से अंतिम लाभांश के भुगतान की अनुशंसा की है।

12. कंपनी ने, मार्च, 2017 में सदस्यों की मंजूरी पर, 10/- रु. मूल्य के तीन विद्यमान इक्विटी शेयरों पर 10/-रु.मूल्य का एक बोनस शेयर जारी किया है।

13. परिसंपत्तियों एवं देनदारियों का विवरण लिस्टिंग विभाग की आवश्यक्ताओं के अनुसार वित्तीय विवरण सहित प्रकट किया गया।

14. पिछली तिमाही के आंकड़े पूर्ण वित्तीय वर्ष के लेखापरीक्षित आंकडों और वित्त वर्ष की तृतीय तिमाही के उस तारीख को प्रकाशित आंकडो के बीच संतुलित आंकड़े हैं।

15. गत अवधि / वर्ष के आंकड़ों को आवश्यकतानुसार पुन: समूहीकृत/पुन: वर्गीकृत किया गया है।

16. दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष लेखापरीक्षित परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 142 (6) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार की समीक्षा के अध्यधीन है।

**कृते गेल (इंडिया) लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**(सुबीर पुरकायस्थ)**
**निदेशक (वित्त)**

**स्थान: नई दिल्ली**
**दिनांक: 22.05.2017**